उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 29.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 29.06.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान।**
- **महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर पंपलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए किया जागरुक।**

महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 29.06.2025 को मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा के थाना खन्ना की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले गांवों/कस्बो, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास  मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया।

अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंपलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि)  के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 29.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक- 29.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित उ0नि0 अनूप कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 129/2025 धारा 69/352/351(2) बीएनएस व 3(1)द,ध व 3(2)V,3(2)VA एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वाछिंत अभियुक्त दिलीप कुशवाहा पुत्र रामलाल उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम रिवई थाना चरखारी जनपद महोबा को पावर हाउस रिवई के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

दिलीप कुशवाहा पुत्र रामलाल उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम रिवई थाना चरखारी जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 अनूप कुमार पाण्डेय चौकी प्रभारी रिवई
2. हे0कां0 दयाराम कुशवाहा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 29.06.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जनपद महोबा की पुलिस टीम ने मुकदमे में वांछित अभियुक्त को राजस्थान से किया गया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक-27.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में महिला निरीक्षक श्रीमती रजनी मिश्रा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना चरखारी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 221/2024 धारा 318(4)/316(2)/317(2)/112(2) बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वाछिंत अभियुक्त शेर सिंह उर्फ मुकेश पुत्र ख्यालीराम जाटव उम्र करीब 36 वर्ष निवासी बलराका पुलिस थाना नगर जनपद डींग (राजस्थान) को थाना राजगढ जनपद अलवर (राजस्थान) के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय कोर्ट सं. 01 राजगढ़ अलवर (राजस्थान) से ट्रांजिट रिमांड लेकर थाना दाखिल किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. महिला निरीक्षक श्रीमती रजनी मिश्रा (अपराध शाखा महोबा)
2. हे0कां0 दिनेश सिंह (थाना चरखारी)

### गिरफ्तार अभियुक्त -

शेर सिंह उर्फ मुकेश पुत्र ख्यालीराम जाटव उम्र करीब 36 वर्ष निवासी बलराका पुलिस थाना नगर जनपद डींग (राजस्थान)



# महोबा पुलिस



## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने IT ACT से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक- 29.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में निरीक्षक उपेन्द्र नाथ राय के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा थाना चरखारी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 130/25 धारा 351(3)/352/77 BNS व 66(E) IT Act थाना चरखारी से सम्बन्धित 01 नफर वाछिंत अभियुक्त गोलू उर्फ आसिफ पुत्र शराफत उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मु0 भटीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को टोला तालाब गेट वन विभाग के पास कस्बा चरखारी से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली टीम :-

1. निरीक्षक श्री उपेन्द्र नाथ राय
2. हे0कां0 ओमप्रकाश

### गिरफ्तार अभियुक्त-

गोलू उर्फ आसिफ पुत्र शराफत उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मु0 भटीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा



# महोबा पुलिस



## थाना कबरई की पुलिस टीम ने
## 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक व जनपदवासियों में सुरक्षित परिवेश की भावना जागृत किये जाने के उद्देश्य से जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक- 29.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कबरई श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित उ0नि0 अभिनव सिंह मय हमराह कां0 अंकित कुमार पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 157/25 धारा 126(2)/352/118(1)/109 /351(3) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभि0 धीरेन्द्र उर्फ धीरू पुत्र रामपाल यादव उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम धरौन थाना कबरई जनपद महोबा को ग्राम धरौन के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1. उ0नि0 अभिनव सिंह
2. कां0 अंकित कुमार पटेल

### गिरफ्तार अभियुक्त–

धीरेन्द्र उर्फ धीरू पुत्र रामपाल यादव उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम धरौन थाना कबरई जनपद महोबा।

